समयबद्ध/महत्वपूर्ण

संख्याः–686 /अनुभाग–7/कृ0ग0/2015–16

प्रेषक,

आयुक्त एवं सचिव
राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड
देहरादून।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी
(भूलेख अनुभाग)
उत्तराखण्ड।

देहरादूनः दिनाँकः03 मई, 2017

विषयः–10 वीं कृषि गणना वर्ष 2015–16 द्वितीय चरण (रूपपत्र–एच) के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पूर्व प्रेषित पत्र संख्या–3765/सात–कृ0ग0–1(15)–2015–16, दिनाँकः–03 अक्टूबर, 2015 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके क्रम में कृषि गणना वर्ष 2015–16 की निर्देश पुस्तिका के पृष्ठ सं0–5 के क्रमांक–7 पर उल्लिखित समयबद्ध समय सारिणी के अनुसार कृषि गणना 2015–16 के द्वितीय चरण (**रूपपत्र–एच**) के क्षेत्रीय कार्य को पूर्ण कर दिनाँक–15 जून 2017 तक **रूपपत्र–एच** इस परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि भारत सरकार द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत प्रपत्रों की स्क्रूटनिंग एवं डाटा एन्ट्री का कार्य पूर्ण कर उन पर आधरित अनुमानित आंकड़ों का प्रेषण भारत सरकार को समयानुसार किया जा सके।

अतः उक्त के क्रम अनुरोध है कि अपने अधिनस्थ भूलेखाधिकारी/उप जिलाधिकारियों/तहसीलदारों/ सहायक भूलेखाधिकारी/अपर सांख्यिकी अधिकारी/सहायक सांख्यिकी अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे द्वितीय चरण (**रूपपत्र–एच**) के प्रपत्रों को आवश्यक जाँच उपरान्त विलम्बतम् दिनाँक–15 जून 2017 तक राजस्व परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(सुरेन्द्र नारायण पाण्डे)
आयुक्त एवं सचिव

प्रतिलिपि–आयुक्त, गढ़वाल/कुमाँऊ मण्डल, पौड़ी/नैनीताल, उत्तराखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आयुक्त एवं सचिव
03.05.2017